# बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं को मंज़ूरी

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा **बिहार और उत्तर-पूर्व में 5,500 करोड़ रुपए से अधिक की बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं को मंज़ूरी प्रदान की गई है।**

- आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने **त्रिपुरा में खोवाई से हरिना तक** राष्ट्रीय राजमार्ग तक 135 किमी. लंबी सड़क को पक्का और दो लेन करने तथा उसके सुधार एवं चौड़ीकरण के लिये 2,486.78 करोड़ की परियोजनाओं को मंज़ूरी दी है।

**नोट**: CCEA ने **वर्ष 2024 के लिये खोपरा हेतु** न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) **को भी मंज़ूरी प्रदान की है।**

## ????? ?????:

- बिहार में दीघा और सोनपुर को जोड़ने वाले गंगा पर **4.56 किमी. लंबे छह लेन पुल** को कैबिनेट ने मंज़ूरी दे दी।
- पटना ज़िले में दीघा और सारण ज़िले में सोनपुर, **वर्तमान में एक रेल-सह-सड़क पुल से जुड़े हुए हैं** जिसका उपयोग केवल हल्के वाहनों द्वारा किया जा सकता है।
- सूचना एवं प्रसारण मंत्री के अनुसार, **नया पुल उत्तर और दक्षिण बिहार** को जोड़ेगा तथा भारी वाहनों द्वारा परिवहन की अनुमति प्रदान करेगा।
- इस परियोजना, जिससे वैशाली जैसे बौद्ध तीर्थस्थलों के लिये कनेक्टिविटी में भी सुधार होगा, को **पूरा होने में 42 महीने लगेंगे**।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/approval-of-infrastructure-projects